दिनांक : 24.02.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

प्रादेशिक समाचार

जीआईएस

भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री सम्मेलन में निर्धारित समय से 15 मिनट की देरी की , जिससे आज होने वाली परीक्षा के लिए जाने वालों छात्रों को असुविधा न हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्घाटन सत्र में कहा कि इतिहास में पहली बार दुनिया भारत की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है। श्री मोदी ने कहा कि आम लोगों, अर्थशास्त्रियों, संस्थाओं और कई देशों को भारत से उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक से लेकर दुनिया की सभी बड़ी संस्थाएं भारत को सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बता रही हैं।

श्री मोदी ने कहा कि देश पर दुनिया के इस भरोसे ने राज्यों का आत्मविश्वास भी बढ़ाया है। वहीं डबल इंजन सरकार के कारण विकास की गति भी दोगुनी हो गई है। श्री मोदी ने कहा कि मध्य प्रदेश में निवेश करने का यह सबसे अच्छा समय है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत में टेक्सटाइल, पर्यटन और टेक्नोलॉजी क्षेत्र सबसे महत्वपूर्ण हैं।

समिट के स्वागत भाषण में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पहले भोपाल की पहचान गैस त्रासदी के रूप में होती थी। अब यह स्थिति नहीं रही. जीआईएस की थीम ही उत्साहवर्धक है।

श्री मोदी ने समिट में प्रदेश सरकार की निवेश को बढ़ावा देने वाली 18 से अधिक नई नीतियों को भी लॉन्च किया। समिट में अडानी

समूह ने एक लाख 10 हजार करोड़ के निवेश की घोषणा की है जिससे 2030 तक 20 हजार रोजगार सृजित होंगे। अवाडा समूह ने 800 मेगावॉट के सोलर प्रोजेक्ट लगाने और सागर समूह ने टेक्सटाईल क्षेत्र में निवेश करने को कहा है। दो दिवसीय इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े सत्रों का आयोजन जारी है।

पीएम-किसान सम्मान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि योजना की छठी वर्षगांठ पर देश भर के सभी किसानों को बधाई दी। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि इस योजना के अंतर्गत अब तक लगभग तीन लाख पचास हजार करोड़ रुपये किसानों के खातों में पहुंच चुके हैं। प्रधानमंत्री आज बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे। देश भर के **7 सौ 31** कृषि विज्ञान केंद्रों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें लगभग ढाई करोड़ किसान कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम जिले के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से 50 बायसन बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व भेजने का कार्य जारी है। पहले चरण में 23 बायसन भेजे दिए गए है।
- **शिवपुरी जिले में** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर 26 फरवरी को नरवर में महादेव कार्यक्रम का आयोजन होगा। संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन और नगर परिषद इसका आयोजन करेगा।
- विदिशा जिले माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं की तैयारी पूरी कर ली गई हैं. 12वी कक्षा की परीक्षा 25 फरवरी और 10वीं कक्षा की 27 फरवरी से शुरू होकर आगामी 25 मार्च तक चलेगी। जिले में 75 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं

- खजुराहो मैं शास्त्रीय नृत्य का विश्व प्रसिद्ध समारोह खजुराहो डांस फेस्टिवल का आयोजन 20 से 26 फरवरी तक हो रहा है, इस समारोह में देश के चुनिंदा कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जा रही है।
- नर्मदापुरम जिले में 10 मार्च तक किसान केंद्र सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर चना, मसूर और सरसों के पंजीयन करा सकेंगे।
- जबलपुर में दो अलग-अलग सड़क हादसों में 8 लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। यह सभी महाकुंभ से लौट रहे थे पहला हादसा संजीवनी नगर में रात 2 बजे हुआ। तेज रफ्तार कार ट्रक में घुस गई इसमें दो लोगों की मौत हो गई। वहीं खितौला के पहरेवा बायपास पर आज सुबह 4 बजे एक जीप एक बस से टकरा गई। जीप में सवार 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।